राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र के 9वें सम्मेलन का आयोजन 21-22 अगस्त 2023 को उदयपुर में किया जाएगा

...

लोक सभा अध्यक्ष उदयपुर में नौवें सीपीए भारत क्षेत्र सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे

...

राजस्थान के मुख्य मंत्री; राज्य सभा के उप सभापति; राजस्थान विधान सभा के अध्यक्ष; सीपीए के चेयरपर्सन, सांसद, राजस्थान विधान सभा के सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे

...

राज्य विधानमंडलों के सभापति, अध्यक्ष, उप सभापति और उपाध्यक्ष डिजिटल युग में लोकतंत्र को सुदृढ़ करने के तौर-तरीकों पर विचार-मंथन करेंगे।

...

सम्मेलन का विषय "डिजिटल युग में लोकतंत्र और सुशासन को सुदृढ़ करना" है।

...

भारत के उपराष्ट्रपति समापन भाषण देंगे

...

राजस्थान के राज्यपाल समापन सत्र में विशिष्ट सभा को संबोधित करेंगे

...

नई दिल्ली; 18 अगस्त, 2023: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला सोमवार, 21 अगस्त, 2023 को उदयपुर में राष्ट्रमंडल संसद संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र के नौवें सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।

राजस्थान के मुख्य मंत्री, श्री अशोक गहलोत; राज्य सभा के उपसभापति, श्री हरिवंश; राजस्थान विधान सभा के अध्यक्ष, श्री सी.पी.जोशी; सांसद; राजस्थान विधान सभा के सदस्य; सीपीए मुख्यालय के चेयरपर्सन, श्री इयान लिडेल-ग्रेंजर और अन्य गणमान्य व्यक्ति उद्घाटन समारोह की शोभा बढ़ाएंगे।

इस दो दिवसीय सम्मेलन का मुख्य विषय "डिजिटल युग में लोकतंत्र और सुशासन को सुदृढ़ करना" है। सम्मेलन के दौरान, राज्य विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी - सभापति और अध्यक्ष तथा उपसभापति और उपाध्यक्ष- निम्नलिखित विषयों पर विचार-मंथन करेंगे:

(i) डिजिटल सशक्तिकरण के माध्यम से सुशासन को प्रोत्साहित करने में जन प्रतिनिधियों को और अधिक प्रभावी/कुशल कैसे बनाया जाए; और

(ii) लोकतांत्रिक संस्थाओं के माध्यम से राष्ट्र को सुदृढ़ करने में जन प्रतिनिधियों की भूमिका।

सम्मेलन का समापन मंगलवार, 22 अगस्त, 2023 को भारत के उपराष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति, श्री जगदीप धनखड़ के समापन भाषण के साथ होगा। राजस्थान के राज्यपाल, श्री कलराज मिश्र और अन्य गणमान्य व्यक्ति समापन सत्र की शोभा बढ़ाएंगे।